संख्या- /3396/71-आयुष-1-2014-404/2013

प्रेषक,

शारदा सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
यूनानी सेवायें,
उ0प्र0, लखनऊ।

आयुष अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक दिसम्बर, 2014

विषय:मा0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ के अन्तर्गत संचालित राजकीय यूनानी चिकित्सालय के स्थायी रूप से संचालित किये जाने एवं पदों के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-590/483/बजट/2014-15 दिनांक 15-05-2014 एवं पत्रसंख्या-2207/यू0नि0/453/ योजना/2014-15 दिनांक 28-08-2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ के अन्तर्गत राजकीय यूनानी चिकित्सालय अस्थायी रूप से संचालित है। मा0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ के अन्तर्गत राजकीय यूनानी चिकित्सालय को स्थायी रूप से संचालित किये जाने के क्रम में श्री राज्यपाल निम्नलिखित क्रमांक-1 व 2 पर अंकित (01-01) कुल 02 अस्थाई पदों को दिनांक 28-02-2015 तक के लिए बशर्ते कि प्रश्नगत पदों को उससे पहले ही बिना किसी पूर्व सूचना समाप्त न कर दिया जाये, सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान (धनराशि रू0 में)	ग्रेड वेतन (धनराशि रू0 में)	वेतन बैण्ड	वांछित कुल पद
1	2	3	4	5	6
1	चिकित्साधिकारी	15600-39100	5400	03	1
2	फार्मासिस्ट	5200-20200	2800	01	1
3	भृत्य	आउटसोर्सिंग के माध्यम से		--	1
4	स्वच्छक	आउटसोर्सिंग के माध्यम से		--	1

shasanadesh.up.nic.in

2- उपर्युक्त तालिका के क्रमांक-3 व 4 के पदों का कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराया जायेगा।

3- उपरोक्त पदों की शैक्षिक अर्हता एवं भर्ती की प्रक्रिया/ स्रोत वही होगें जो इस प्रकार के पदों को पूर्व स्थापित मानकों एवं शासन के स्थायी आदेशों के अनुरूप होगें।

4- उपर्युक्त नियमित वेतनमान में सृजित पदों पर नयी नियुक्ति नहीं की जायेगी, बल्कि विभाग में उपलब्ध स्टाफ में से तैनाती की जायेगी।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय अनुदान संख्या-33 के लेखा शीर्षक-2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-02-शहरी स्वास्थ्य सेवायें-अन्य चिकित्सा पद्वतियां-103-यूनानी-05-अस्पताल और रूजालय-02-शहरी क्षेत्रों में यूनानी चिकित्सालयों की स्थापना के सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-3-2464/दस-2014 दिनांक 28-11-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शारदा सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या- /3396(1)/71-आयुष-1-2014तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, यूनानी निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3- वरिष्ठ कोषाधिकारी, लखनऊ/मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, लखनऊ।
5- प्रधानाचार्य, राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, लखनऊ।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1,2
7- नियोजन अनुभाग-4
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जय प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

shasanadesh.up.nic.in